डीएसवाईडब्ल्यू सेलिंग अकादमी के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

ऑल इंडिया विंडसर्फिंग एवं काइटबोर्डिंग चैंपियनशिप 2026 में जीते 8 पदक

भोपाल, 22 मार्च 2026

खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश के अंतर्गत संचालित डीएसवाईडब्ल्यू सेलिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने गोवा के मोर्जिम में आयोजित YAI ऑल इंडिया विंडसर्फिंग एवं काइटबोर्डिंग चैंपियनशिप 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 8 पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में 4 स्वर्ण, 1 रजत एवं 3 कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया।

प्रतियोगिता में अकादमी के खिलाड़ियों ने बेहतरीन कौशल और दमदार प्रदर्शन का परिचय दिया। स्वर्ण पदक विजेताओं में आर्यन पाटीदार, विध्यांशी मिश्रा, अनन्या आवधिया एवं प्रार्थना भोई शामिल हैं। वहीं सोहम सिंह राजपूत ने रजत पदक अर्जित किया। कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में नैंसी राय, तेजस्वी प्रजापति एवं गौरव सिंह बिष्ट शामिल हैं।

राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश का परचम

इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का यह प्रदर्शन मध्यप्रदेश के लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रशिक्षण का परिणाम है। अकादमी के खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से यह साबित किया है कि वे राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में पूरी तरह सक्षम हैं।

मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने दी बधाई

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की यह सफलता प्रदेश में खेलों के विकास और खिलाड़ियों को दी जा रही आधुनिक सुविधाओं का सकारात्मक परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये खिलाड़ी भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करेंगे।

प्रशिक्षण और सुविधाओं का सकारात्मक परिणाम

डीएसवाईडब्ल्यू सेलिंग अकादमी में खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, अनुभवी प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन एवं आधुनिक खेल सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं। खिलाड़ियों की यह उपलब्धि अकादमी की प्रभावी प्रशिक्षण प्रणाली और खिलाड़ियों के समर्पण का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

यह सफलता प्रदेश के अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक है और मध्यप्रदेश को खेलों के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर करती है।